an>

Title: Need to construct a bridge parallel to the existing Vikramshila bridge situated in Bhagalpur city of Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): महोदया, आपने मुझे ज़ीरो ऑवर पर बोलने का मौका दिया है, जिसके लिए आपका धन्यवाद करता हूँ। मेरा संसदीय क्षेत्र भागलपुर, जो कि पूरे देश के मानचित्र पर है। गंगा नदी के ऊपर विक्रमशिला सेतु है जो कि दक्षिणी और उत्तरी भारत को जोड़ने का काम करता है। लेकिन आज जो उसकी स्थिति बहुत खराब है, क्योंकि वह दो लेन की बनी हुई है, भारी यातायात के चलते, वहां पर इतना दबाव है कि लगातार 24 घंटों में से 18-20 घंटे तक वह पुल जाम रहता है, जिसके चलते एन.एच. 31 और एन.एच. 80 पूरा दोनों तरफ से जाम हो जाता है। शहर की यातायात व्यवस्था भी जाम रहती है। माननीय गडकरी साहब बैठे हुए हैं, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि विक्रमशिला सेतु के समानांतर एक और पुल बनाने की वहां अत्यंत आवश्यकता है ताकि वहां पर जो मरीज़ फंसते हैं, मरीज़ों की जान जाती है, उससे निदान हो सके। इसलिए आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि विक्रमशिला सेतु के पैरेलल एक और पुल की व्यवस्था करें।

माननीय अध्यक्ष : अगर वह नैशनल हाइवे को है तो वे देख लेंगे।